Roll No. …………………..

# HD–05

## आधुनिक काव्य

Bachelor of Arts (B. A.-10) Hindi

Third Year, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 60**

नोट : यह प्रश्न पत्र साठ (60) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

### खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पन्द्रह (15) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. 'परिवर्तन' कविता के अनुभूति एवं अभिव्यक्ति पक्ष की सविस्तार समीक्षा कीजिए।
2. लम्बी कविता के रूप में निराला की 'सरोज स्मृति' के महत्त्व को बताइये।
3. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की रचनाओं का परिचय देते हुए 'कुआनो नदी' के अभिव्यक्ति पक्ष की विवेचना कीजिए।

4. खण्ड काव्य का स्वरूप स्पष्ट करते हुए परम्परा और विकास क्रम पर प्रकाश डालिए।

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच (05) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. निम्नलिखित की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए :

बावड़ी की उन गहराइयों में शून्य
ब्रह्मराक्षस एक पैठा है,
व भीतर से उमड़ती गूँज की भी गूँज
हड़बड़ाहट शब्द पागल से।

2. निम्नलिखित की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए :

तू खिंची दृष्टि से मेरी छवि
जागा उर में तेरा प्रिय कवि
उन्मनन-गुंज सज हिला कुंज
तरु-पल्लव कलिदल पुंज-पुंज।

निम्नलिखित के संक्षेप में उत्तर दीजिए :

3. लम्बी कविता की विशेषताएँ बताइये।
4. सुमित्रानन्दन पंत की काव्यकृतियों का परिचय दीजिए।
5. 'दो चट्टानें' कविता के अनुभूति पक्ष पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

6. मुक्तिबोध के काव्य में फैंटेसी के प्रयोग की विवेचना कीजिए।
7. 'प्रवाद पर्व' के अनुभूति पक्ष की संक्षिप्त समीक्षा कीजिए।
8. निराला-काव्य के भाषा-सौष्ठव पर प्रकाश डालिए।

## खण्ड–ग

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. 'कामायनी' महाकाव्य के रचयिता कौन हैं ?
2. सुमित्रानन्दन पंत को किस काव्यकृति पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था ?
3. 'दुःख ही जीवन की कथा रही', किस कवि की काव्य पंक्ति है।
4. 'सरोज स्मृति' हिन्दी का सर्वश्रेष्ठ शोकगीत है। (सत्य/असत्य)
5. 'कुआनो नदी' का रचनाकाल सन् 1980 है। (सत्य/असत्य)

सही विकल्प चुनिए।

6. 'ब्रह्मराक्षस' कविता के रचनाकार हैं :
   (अ) मुक्तिबोध
   (ब) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
   (स) निराला
   (द) हरिवंशराय बच्चन
7. साहित्य क्षेत्र में सर्वाधिक विरोध किसका हुआ था ?
   (अ) प्रसाद
   (ब) पंत
   (स) निराला
   (द) दिनकर

8. ‘संशय की एक रात’ प्रबन्ध काव्य के रचनाकार हैं :

(अ) धर्मवीर भारती

(ब) नरेश मेहता

(स) कुंवर नारायण

(द) नरेन्द्र शर्मा

9. ‘हालावाद’ के प्रवर्तक हैं :

(अ) रामेश्वर शुक्ल ‘अंचल’

(ब) जयशंकर प्रसाद

(स) रामधारी सिंह दिनकर

(द) हरिवंशराय बच्चन

10. ‘नीरजा’ किसकी काव्यकृति है ?

(अ) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

(ब) अज्ञेय

(स) महादेवी वर्मा

(द) हरिवंशराय बच्चन